


# शिव की नगरी में कंकड़ कंकड़ शंकर, नववर्ष पर आज चलेगा दर्शन का सिलसिला

## धर्म अध्यात्म और इतिहास की नगरी में नूतनवर्ष का स्वागत देव दर्शन से, आज हर चेहरा प्रसन्नता से भरा, हर मन बाबा महाकाल के चरणों में नतमस्तक





**उज्जैन। आज नए साल का शुभारंभ हो गया है। ऐसे में शहर स्थानीय जनता सभी देवालय शिवालय में पहुंचेगी। जिस तेजी से बाबा महाकाल के आंगन में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु आए हैं, ऐसे में उज्जैन की धर्म प्राण जनता आगंतुकों के लिए इतना जरूर सोचती है कि पहले अतिथियों के दर्शन हो जाए बाद में स्थानीय जनता दर्शन करेगी। कुल मिलाकर महाकाल की नगरी उज्जैन में कंकड़ कंकड़ शंकर है ऐसे में हर कोई अलग अलग मन्दिर जाकर अपने ईष्ट के दर्शन कर नए साल की शुरुआत करना चाहता है।**

अंग्रेजी नववर्ष 1 जनवरी को विश्व प्रसिद्ध धर्मनगरी उज्जैन एक बार फिर श्रद्धा, आस्था और उत्साह के रंग में रंगी नजर आएगी। बाबा महाकाल के दर्शन से नए साल की शुरुआत करने के लिए जहां देश-विदेश से लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं के उज्जैन पहुंचने का अनुमान है। वहीं स्थानीय नागरिक भी अपने आराध्य देवों के दर्शन कर नूतन वर्ष का स्वागत करेंगे। प्रशासन और मंदिर प्रबंधन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं, वहीं शहर के सभी प्रमुख मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया है। उज्जैन केवल एक धार्मिक नगर नहीं, बल्कि इसका गौरवशाली इतिहास राजा-महाराजाओं के समय से चला आ रहा है। प्राचीन काल में अवंतिका के नाम से प्रसिद्ध उज्जैन का वैभव और कीर्ति दूर-दूर तक फैली हुई है। सम्राट विक्रमादित्य, राजा भोज और योगी राजा भर्तृहरि जैसे महान शासकों की कथाएं आज भी उज्जैन की गलियों, मंदिरों और इतिहास में जीवंत हैं। उज्जैन को सम्राट विक्रमादित्य के नवरत्नों की नगरी और महाकवि कालिदास की कर्मभूमि के रूप में भी जाना जाता है।

नववर्ष के अवसर पर बाहर से आने वाले श्रद्धालु जहां बाबा महाकाल के दर्शन करेंगे। वहीं स्थानीय जनता हरसिद्धि मन्दिर, सिद्धनाथ मंदिर बाबा, काल भैरव मंदिर, इस्कॉन मंदिर, गढ़कालिका माता मंदिर, मंगलनाथ मंदिर, अंगारेश्वर मंदिर, चामुंडा माता मंदिर, वाघेश्वरी माता मंदिर सहित शहर के सभी देवालयों और शिवालयों में जाकर पूजन-अर्चन करेगी। साथ ही मोक्षदायिनी मां क्षिप्रा में स्नान कर सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार की कामना की जाएगी। उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह एसपी प्रदीप शर्मा से लेकर सभी मंदिर के प्रबंधकों ने श्रद्धालुओं की बेहतर दर्शन व्यवस्था की है। आस्था, इतिहास और विकास के संगम के साथ उज्जैन नूतन वर्ष के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है, जहां हर चेहरा प्रसन्नता से भरा है और हर मन बाबा महाकाल के चरणों में नतमस्तक।

### काल गणना का केंद्र : मुख्यमंत्री डॉ . यादव का गृह नगर उज्जैन

उज्जैन का महत्व काल गणना के केंद्र के रूप में भी रहा है। हिंदू पंचांग की गणना और समय निर्धारण की परंपरा उज्जैन से जुड़ी हुई है। हर वर्ष हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा से पूर्व पंचांग का प्रकाशन उज्जैन से ही होता है। जो इसकी खगोलीय और वैदिक महत्ता को दर्शाता है। यही कारण है कि सदियों से उज्जैन को समय और संस्कृति की धुरी माना गया है। इसके बावजूद आज अंग्रेजी नववर्ष भी उज्जैन में पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का गृह नगर है उज्जैन यहां सीएम की परिकल्पना के अनुरूप उज्जैन में वैदिक घड़ी की स्थापना हो चुकी है। जिसका लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया था। यह वैदिक घड़ी न केवल उज्जैन की पहचान को वैश्विक स्तर पर स्थापित कर रही है, बल्कि प्राचीन भारतीय समय गणना को आधुनिक युग से जोड़ने का कार्य भी कर रही है। इधर सिंहस्थ 2028 को लेकर उज्जैन में बड़े पैमाने पर विकास और सौंदर्यकरण के कार्य जारी हैं। सड़कें, घाट, मंदिर परिसर, यातायात व्यवस्था और आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। बदलते स्वरूप और निरंतर विकास के कारण उज्जैन का हर नागरिक प्रसन्नचित है और नए उज्जैन की तस्वीर देख रहा है।

# शराब पीकर वाहन दौड़ने वाले तीन लोगों का पुलिस ने निकाला जुलूस

## स्कूटी सवार को टक्कर मारने के बाद तोड़ा था बेरीकैट्स



**उज्जैन।** आगर रोड पर शराब के नशे में तेजगति से वाहन चलाने वाले चालक और उसके साथियों को पुलिस ने पीछा कर पकड़ा और उनका जुलूस निकाला। टवेरा वाहन चालक ने स्कूटी सवार को टक्कर मारी थी और पुलिस का बैरिकेट्स तोड़ दिया था।

चार पहिया वाहन टवेरा क्रमांक एमपी 13 टीए 2526 में सवार तीन युवक नशे की हालत में आगर रोड से मंगलवार रात निकले थे। उन्होंने अपनी रफ्तार से चिमनगंज थाना क्षेत्र के आगर रोड पर स्कूटी सवार कनुज सुराना को टक्कर मार दी। तीनों वहां रुके नहीं और कोयला फाटक क्षेत्र में आकर पुलिस चेकिंग के लिए लगाया गया बैरिकेट्स तोड़कर भाग निकले। रफ्तार से दौड़ती टवेरा को पकड़ने के लिए देवासगेट, जीवाजीगंज और चिमनगंज थाना पुलिस ने पीछा कर घेराबंदी शुरू की। सुदामा नगर मार्ग से देवास गेट पुलिस ने वाहन को रोक तीनों युवकों को हिरासत में लिया। तीनों ने पुलिस से अभद्रता शुरू कर दी। बमुश्किल उन्हें थाने लाया गया तो वहां भी जमकर हंगामा किया। तीनों को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल ले जाया गया यहां भी तीनों युवकों ने जमकर उत्पात किया। देवास गेट थाना पुलिस ने तीनों के खिलाफ शराब पीकर वाहन चलाने का मामला दर्ज किया और प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई करते हुए टवेरा को जब्त कर लिया। चिमनगंज थाना पुलिस ने स्कूटी सवार को टक्कर मारने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। देवास गेट थाना पुलिस के अनुसार तीनों युवक संजय पिता गंगाराम सिसौदिया निवासी खिलचीपुर, राजेश पिता बद्रीलाल मालीपुरा और दिलीप पिता नागूलाल चौहान निवासी नानाखेड़ा होना सामने आए हैं। तीनों के हंगामा करने पर उनका क्षेत्र में जुलूस निकाला गया बुधवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

# कारों के कांच फोड़ बदमाशों ने चुराये रुपयों से भरे बेग

## तीन वारदातों के बाद पुलिस ने शुरू की तलाश, सीसीटीवी फुटेज आए

**उज्जैन। नववर्ष से पहले देशभर से श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन पहुंच रहे हैं। आस्था की भीड़ में बदमाशों ने भी दस्तक दी है। अब तक बदमाश तीन वारदात कर चुके हैं। पुलिस को फुटेज भी मिले हैं जिसके आधार पर तलाश की जा रही है।**

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के ट्रेजर बाजार के समीप बीती शाम बदमाशों ने प्रॉपर्टी ब्रोकर आकाश लश्करी की ऑफिस के बाहर खड़ी कार का कांच फोड़ कर उसमें रखा लाखों रुपए से भरा बैग चोरी कर लिया। वारदात का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखने शुरू किया जिसमें बदमाश दिखाई दिए। पुलिस बदमाशों को पहचान पाती और उनका पता लगा पाती उससे पहले सामने आया कि बदमाशों ने माधव नगर थाना क्षेत्र के सेठी बिल्डिंग के समीप खड़ी कार के कांच फोड़ कर बैग चोरी किया है। कार बाहर से आए श्रद्धालु की थी, माधव नगर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में जांच शुरू की गई है। नानाखेड़ा क्षेत्र में हुई वारदात में शामिल बदमाश ही सेठी बिल्डिंग तक आए थे। दो वारदात सामने आने के बाद इस बात की जानकारी सामने आई की बदमाशों ने महाकाल थाना क्षेत्र के हरसिद्धि पाल पार्किंग में खड़ी पुणे के श्रद्धालु की कार का कांच फोड़कर भी बैग चोरी किया है जिसमें नगद रुपए और कीमती सामान रखा हुआ था। थाना प्रभारी गगन बादल के अनुसार मामले में शिकायत दर्ज कर बदमाशों का पता लगाया जा रहा है। जिस तरह से एक के बाद एक तीन वारदात होना सामने आई है उसके चलते आशंका जताई जा रही की बदमाश बहरी हो सकते है। नानाखेड़ा क्षेत्र में मिले फुटेज सभी थाना पुलिस को भेजे गए हैं जिसके आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

## श्री राम कथा में निकली राम जी की बारात

**उज्जैन।** भागवत सत्संग समिति दमदमा द्वारा आयोजित श्री राम कथा के चतुर्थ सोपन में रामजी की बारात धूमधाम से निकली। सुरेश रायकवार ने बताया कि बैंडबाजे, घोड़े, बग्घी के साथ निकली बारात दमदमा क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होती हुई पुन: कथा पंडाल में पहुंची। रामकथा का वाचन पंडित दर्पण शर्मा द्वारा किया जा रहा है। बारात की आगवानी संरक्षक राजेंद्र वशिष्ठ एवं सुलेखा वशिष्ठ द्वारा की गई। मुख्य यजमान कमल विश्वकर्मा, भगवती विश्वकर्मा, सत्यनारायण शर्मा एवं श्यामा देवी शर्मा है। राम जानकी एवं लखन के रूप में कुमारी हर्षिता विश्वकर्मा, योगिता विश्वकर्मा एवं काव्या विश्वकर्मा, बाल हनुमान के रूप में कोस्तुभ विश्वकर्मा चल रहे थे। इस अवसर पर हजारों संख्या में भक्त जन उपस्थित थे। कैलाश मालवीय, राधेश्याम विश्वकर्मा, जिया लाल मौर्य, गोपाल वशिष्ठ आदि लोग उपस्थित थे।

# धोखाधड़ी करने पर ईओडब्ल्यू ने दर्ज किया प्रकरण

## आरोपी ने बैंक में बंधक भवनों को तोड़ फ्लैट बनाकर बेचे

**उज्जैन। मध्य प्रदेश गृह निर्माण मंडल कर्मचारी के लिए आवंटित भवनों को तोड़कर फ्लैट बनाकर बेचने के मामले में ईओडब्ल्यू द्वारा आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। उक्त भवन बैंक में बंधक थे बावजूद आरोपी ने दस्तावेजों में बंधक होना नहीं बताया था।**

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) मुख्यालय भोपाल में प्राप्त शिकायत के सत्यापन पर पाया गया कि बैंक के ऋण धारक विजय पिता कैलाश चन्द्र जैन, निवासी 308 बागडिया टॉवर, नजरअली मार्ग, उज्जैन एवं अन्य के द्वारा बैंक में गिरवी रखे भवन को अवैधानिक रूप से तोड़कर व उसका स्वरूप बदलकर, स्वयं को सदोष लाभ पहुंचाने के लिए संपत्ति आम लोगों को विक्रय कर दी गई। इस प्रकार आरोपी विजय जैन द्वारा बैंक तथा आम लोगों के साथ धोखाधड़ी कर सदोष हानि पहुंचाने का आरोप प्रमाणित पाये जाने पर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ द्वारा अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी विजय जैन द्वारा मुनिनगर स्थित म.प्र. गृह निर्माण मण्डल के कर्मचारियों के लिए निर्मित भवन क्रमांक एचबी 07 व 09 को क्रमश: वर्ष 2011 व 2012 में क्रय किया गया। भवन क्रमांक एचबी 07 को क्रय करने हेतु विजय जैन द्वारा 15 लाख रूपये का होम लोन स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एवं जयपुर शाखा उज्जैन से लिया गया। उक्त बैंक बाद में भारतीय स्टेट बैंक में विलय हो गई थी तथा विजय जैन का ऋण खाता भी भारतीय स्टेट बैंक, फ्रीगंज उज्जैन में स्थानांतरित हो गया। उक्त दोनों भवन म.प्र. गृह निर्माण मण्डल द्वारा किराया पद्धति पर मण्डल कर्मचारियों को दिए गए थे जिनको आरोपी विजय जैन द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से बिना मण्डल की अनुमति के तोड़ दिया गया व उन पर बिना वैधानिक अनुमति प्राप्त किए बहुमंजिला फ्लेट का निर्माण कर लिया गया। आरोपी द्वारा उक्त संपत्ति बैंक में बंधक होने के बाद भी बिना अनुमति के निर्मित 8 फ्लेट का विक्रय आम लोगों को कर दिया। विक्रय हेतु आरोपी विजय जैन के द्वारा रजिस्ट्रियों में यह गलत लेख किया कि उक्त संपत्ति कहीं भी बंधक नहीं है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ इकाई उज्जैन द्वारा शिकायत में लगाए गए उपरोक्त आरोप सत्यापन के दौरान सही पाए जाने पर विजय जैन के विरुद्ध धारा 420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त अपराध में बैंक या अन्य व्यक्तियों की आपराधिक संलिप्पता विवेचना में पायी जाने पर उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

### जानलेवा हमला करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



**उज्जैन।** पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से हमला करने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया 29 दिसंबर की रात आवेश खान पिता अफजल खान निवासी बेगमपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने साथियों शोएब, अयान व दाऊद के साथ बंधन गार्डन में एक शादी समारोह में शामिल हुआ था। वहां विराट नगर निवासी आफताब, आदिल व अमन भी मौजूद थे, तीनों ने अपने एक साथी के साथ शादी में खाना खाने आए हुए थे। तीनों पुरानी रंजिश के कारण शोएब को घूर रहे थे। शादी समारोह से बाहर निकलते ही उक्त आरोपियों ने शोएब पर हमला कर दिया। आफताब, आदिल व अमन ने शोएब पर जान से मारने की नीयत से चाकू से कई वार किए, जिससे शोएब गंभीर रूप से घायल हो गया है। आरोपियों ने बी बचाव करने पर उसके साथ भी मारपीट की है। आवेश की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया गया था। जिनकी तलाश करने पर बुधवार सुबह चारों को गिरफ्तार कर लिया गया। तीन नाम ज्यादा आरोपियों के साथ चौथा साथी नाटू उर्फ तोहिद पिता ताजुद्दीन शेख होना सामने आया है चारों की निशानदेही पर तीन चाकू बरामद किए गए हैं। चारों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### एसिड पीने वाली महिला की हुई मौत

उज्जैन। चिमनगंज थाना क्षेत्र के राजीव नगर में रहने वाली पुष्पा पति राजेश महावर 38 साल को मंगलवार शाम एसिड पी लिया था। जिनकी उपचार के दौरान बुधवार सुबह मौत हो गई। चिमनगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। बताया जा रहा है कि पुष्पा का खाना बनाने की बात को लेकर पति से विवाद हुआ था। इसके बाद उसने घर में टॉयलेट साफ करने के लिए रखा एसिड पी लिया था। पुलिस परिवार के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू करेगी।

## कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हास्पिटल में पहली क्रॉस-बॉर्डर रोबोटिक सर्जरी हुई

**उज्जैन।** कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई ने भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय रिमोट रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक करके एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है। यह सर्जरी मुंबई में दो मरीजों पर की गई, जबकि ऑपरेटिंग सर्जन डॉ. टीबी युवराजा (डायरेक्टर-ग्रुप, यूरो-ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी) 5,000 किलोमीटर दूर शंघाई में थे। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन से मंजूरी मिलने के बाद, भारत में तौमाई रिमोट रोबोटिक सर्जरी सिस्टम का यह पहला सीमा-पार नैदानिक अनुप्रयोग है। यह उपलब्धि देश की दूरस्थ शल्य चिकित्सा क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाती है। यह ऐतिहासिक प्रक्रिया मुंबई में दो मरीजों पर की गई, जिसमें रोबोट की सहायता से रेडिकल प्रोस्टेटेक्टॉमी और पार्शियल नेफ्रेक्टॉमी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। दोनों सर्जरी तौमाई सिस्टम का उपयोग करके रिमोट तरीके से (दूर बैठे) की गईं, जो वर्तमान में टेली-सर्जरी के लिए यूएस एफडीए स्टडी द्वारा अध्ययन की मंजूरी पाने वाला एकमात्र रोबोटिक सर्जिकल प्लेटफॉर्म है। इस न्यूनतम विलंबता ने सर्जरी के दौरान उपकरणों की सुचारू आवाजाही, सटीक विच्छेदन और विश्वसनीय निष्पादन को सुनिश्चित किया।

## संभागायुक्त 2 जनवरी को समीक्षा बैठक लेंगे

**उज्जैन।** संभागायुक्त आशीष सिंह आगामी 02 जनवरी को प्रात: 11 बजे से एक वृहद समीक्षा बैठक लेंगे। जिसमें कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के पालन प्रतिवेदन बिंदुओं पर समीक्षा की जाएगी। सिंहस्थ मेला कार्यालय तृतीय तल पर आयोजित होने वाली बैठक में संयुक्त संचालक कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, महिला बाल विकास, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सॉची दुग्ध संघ, प्रोजेक्ट डायरेक्टर आत्मा, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास, सीएमएचओ, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक आदि उपस्थित रहेंगे।


## संकल्प ले की यातायात नियमों का पालन करेंगे

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने अपील की है कि इस बार वर्ष 2026 के प्रारंभ में सभी यह संकल्प ले कि यातायात नियमों का अनिवार्यत: पालन करेंगे। दो पहिया वाहन चलाते समय अनिवार्यत: हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएंगे। विशेषत-शासकीय अधिकारी और कर्मचारी यातायात नियमों का अनिवार्य रुप से पालन करेंगे।

## दर्शन पर मौलाना नाराज

**उज्जैन।** फिल्म अभिनेत्री नुसरत भरुचा के महाकाल दर्शन पर विवाद खड़ा हो गया। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि यह शरीयत की नजर में गुनाह हैं, उनको तौबा करनी चाहिए। जबकि उज्जैन के अखाड़ों व आश्रमों से जुड़े संत सत्यानंद महाराज, विशाल दास महाराज का कहना है कि नुसरत का यह कदम उनकी घर वापसी है। गंगा जमुना तहजीब का उदाहरण है। यदि उनकी सनातन धर्म के प्रति आस्था हैं तो वह इसके लिए स्वतंत्र है।

# गंदे पानी की शिकायत मिलने पर 24 घंटे में शिकायत का समाधान करें : निगम आयुक्त




**उज्जैन।** बुधवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा पीएचई विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देशित किया कि पेयजल सप्लाई के दौरान गंदे पानी की शिकायत प्राप्त होने पर 24 घंटे के अंदर शिकायत का समाधान होना चाहिए अन्यथा समाधान नहीं होने की स्थिति में अधिकारियों पर कार्रवाई करने में किसी प्रकार की रियायत नहीं बरती जाएगी।

समीक्षा बैठक में निगम आयुक्त मिश्रा द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शहर में जितनी भी पेयजल की टंकियां है। उनकी समय-समय पर जांच करते हुए रोस्टर अनुसार सफाई करवाई जाए, दूषित पानी या गंदा पानी सप्लाई होने की स्थिति में पानी का सैंपल लेते हुए जांच की जाए। अवैध नल कनेक्शनों पर नियमित रूप से प्रभावी कार्रवाई करें, टैंकरों की धुलवाई एवं सफाई करवाते रहे।

आयुक्त मिश्रा द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया कि वाटर सप्लाई के दौरान विभाग के सभी अधिकारी उपयंत्री, टंकी प्रभारी फील्ड में निकले साथ ही एक रजिस्टर का संधारण करें जिसमें शिकायतों का विवरण एवं उसके समाधान की जानकारी अंकित हो जो भी संसाधन या आवश्यक उपकरण, चलित सैंपलिंग वाहन एवं केमिकल की आवश्यकता है उसकी व्यवस्था सुनिश्चित रखें, नालियों तक जो पाइपलाइन के जत्थे फैले हुए है उन्हें नालियों से ऊपर की ओर करते हुए नालियों से दूर किया जाए इसके लिए 15 दिन का विशेष अभियान चलाया जाए सभी सब इंजीनियर एवं टंकी प्रभारी के नंबर जनता तक होना चाहिए ताकि शिकायत का निराकरण हो सके। बैठक में अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, कार्यपालन यंत्री वैभव भावसार, सहायक यंत्री शिवम दुबे, दिलीप नौधाने, उपयंत्री एवं टंकी प्रभारी उपस्थित रहे।

## 18 को प्रबुद्ध जन सम्मेलन

**उज्जैन।** उज्जैनी सिंहस्थ को लेकर सिंहस्थ तैयारी, सिंहस्थ को सफल बनाने हेतु विचार, सुझाव, परिकल्पना को साकार करने के लिए 18 जनवरी 2026 को उज्जैन के शर्मा परिसर में उज्जैन सिंहस्थ अमृत मंथन 2028 का आयोजन होने जा रहा है। पं. मनोज रावत संगठन अध्यक्ष ने बताया कि संकल्प, संस्कृति, चुनौतियों को लेकर किए जा रहे इस आयोजन के साथ ही प्रबुद्ध जन सम्मेलन भी हो रहा है। इसी क्रम में देश एवं प्रदेश की प्रमुख हस्तियों को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। 31 दिसंबर को नंदलाल यादव उज्जैन प्रेस क्लब अध्यक्ष, संजय अग्रवाल, आनंद खींची, जगदीश पांचाल, मुकेश यादव, योगेश सांगते, महेश चौहान, इंद्रमणि राजपूत को भाजपा कार्यालय उज्जैन पर आमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर पं. मनोज रावत, अभिजीत जोशी, मनोज शर्मा, मुक्तेश मनावत, रत्नेश व्यास, वंदना जैन, राजेश व्यास उपस्थित रहे। यह जानकारी विशाल दुबे मीडिया प्रभारी ने दी।

**नये वर्ष में आस्था** ▶ इस बार होटल-क्लबों में आयोजन कम, मंदिरों में श्रद्धा का सैलाब

# उज्जैन में शराबबंदी का असर, नए साल में पार्टियां कम, लोग मंदिरों में उमड़ रहे

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** मप्र सरकार द्वारा धार्मिक नगरी उज्जैन में की गई शराबबंदी का असर नए साल पर साफ दिख रहा है। लोग पार्टियां कम कर रहे हैं और मंदिरों में दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं। दरअसल उज्जैन नगर निगम की सीमा में शराब बेचने और बैठाकर पिलाना प्रतिबंधित है। यहां तक शहरी सीमा में शराब के ठेके भी बंद हो चुके हैं। प्रसिद्ध कालभैरव मंदिर के बाहर तक की शराब दुकान बंद है। ऐसे में लोग अब धर्म की तरफ रूख करते नजर आ रहे हैं। आसानी से शराब नहीं मिलने के कारण होटलों व क्लबों में होने वाली पार्टियां इस बार होते नहीं दिख रही हैं। क्योंकि शहर में कहीं भी नए साल की कोई बड़ी पार्टी होटल या क्लब में आयोजित नहीं की गई है। लोग मंदिरों में पूजा-पाठ कराते व दर्शन करते जरूर दिख रहे हैं। अंग्रेजी नववर्ष के स्वागत को लेकर धार्मिक नगरी में काफी उत्साह है।

### डमरूओं से सजा महाकाल, भस्मारती में केवल चलित दर्शन 5 तक बंद



महाकाल मंदिर नए पर डमरूओं व रूद्राक्ष से सजाया गया है। बड़ौदा से आए 108 लोगों की टीम ने यह सजावट 11 हजार डमरू व 5 लाख रुद्राक्ष से की है। आज गुरुवार को नए साल के पहले दिन की भस्मारती में ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों तरह से अनुमति जारी नहीं की है। केवल चलित दर्शन ही कराए जाएंगे। वहीं 5 जनवरी तक भस्मारती की ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था को बंद रहेगी। भस्मारती में चलित दर्शन के लिए श्रद्धालु त्रिवेणी द्वार से जाएंगे।

### 12 हजार से ज्यादा वाहन के, गूगल मेप से भीड़ नियंत्रण कर रहे

नए के लिए देशभर से लाखों लोग लगातार उज्जैन में उमड़ रहे हैं। इनमें से कई लोग अपने निजी वाहनों से भी यहां पहुंच रहे हैं। उज्जैन पुलिस ने एक अनुमान लगाया है कि अभी डेढ़ से 2 लाख की संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन यहां आ रहे हैं। इनमें से सामान्य दिनों की बात करे तो 6 हजार के आसपास फोर व्हीलर वाहन उज्जैन आते हैं। लेकिन अभी यह संख्या बढ़कर 12 हजार तक पहुंच गई है। ऐसे में पुलिस ने शहर में लगने वाले जाम से निपटने के लिए गूगल मैप का सहारा लेकर हाईटेक क्राउड मैनेजमेंट की शुरुआत की है। यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो सिंहस्थ में इसे उपयोग करेंगे। दरअसल पुलिस ने गूगल मैप के जरिए हैवी ट्रैफिक वाले रूट को ब्लॉक कर महाकाल मंदिर की ओर जाने वाली भीड़ को शहर के भीतर प्रवेश करने से रोक दिया है। इसके लिए गुरुग्राम की इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी कंपनी, साइबर टीम और पुलिस के 10 जवानों की एक संयुक्त टीम इसमें जुटी है। आज महाकाल मंदिर सहित शहर में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन ने डायवर्शन प्लान जारी किया है। 200 सीसीटीवी कैमरे, 5 ड्रोन अश्वरोही दल, 1200 पुलिसकर्मी और 150 महिला पुलिसकर्मियों विशेष रूप से तैनात किए है। उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि पूरे शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है।

## नूरी ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी महासचिव बनीं

**उज्जैन।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी की अनुशंसा पर महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें उज्जैन की नूरी खान को महासचिव बनाया गया। महिला कांग्रेस की नई टीम में 8 राष्ट्रीय महासचिव के साथ ही 33 सचिव बनाये गये। महिला कांग्रेस छत्तीसगढ़ की पूर्व विधायक ममता चंद्रकार के साथ ही राजस्थान से पूर्व विधायक रही साफिया जुबेर को महासचिव बनाया गया। इसके साथ ही वर्तमान में महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष नूरी खान को पदोन्नत कर राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। नूरी खान की नियुक्ति पर कांग्रेसजनों ने हर्ष व्यक्त किया है। साथ ही ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अलका लांबा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल, राहुल गांधी का आभार माना।